हिन्दुस्तान

करियरआईआईटी भुवनेश्वर में महामारी के बावजूद पूरी हुई सेमेस्टर परीक्षा

एजेंसी,भुवनेश्वरPublished By: Pankaj Vijay

Thu, 20 May 2021 12:15 PM

वैश्विक महामारी कोविड-19 के प्रकोप के बीच भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, भुवनेश्वर में सत्र 2020-21 के लिए सेमेस्टर परीक्षाएं पूरी हो गईं हैं। ये परीक्षा बीटेक के प्रथम वर्ष के छात्रों को छोड़कर बाकी अन्य सभी वर्षों के छात्रों के लिए आयोजित की गईं थी। एक अधिकारी ने बताया कि प्रथम वर्ष के छात्रों की परीक्षा में अभी और डेढ़ महीने का वक्त लगेगा क्योंकि देशभर के आईआईटी संस्थानों में प्रथम वर्ष में प्रवेश विलंब से हुआ था और सेमेस्टर भी देर से ही शुरू हुआ था।

उन्होंने बताया कि बाकी के छात्रों के लिए सेमेस्टर परीक्षाएं 15 मई को पूरी हुईं।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पहले से बनाई गई योजना के चलते मार्च 2020 में, लॉकडाउन की घोषणा से पहले ही संस्थान ने ऑनलाइन शिक्षण शुरू कर दिया था।

उन्होंने बताया कि मई 2020 में एंड-सेमेस्टर परीक्षाएं आयोजित करने के उद्देश्य से संस्थान ने पेन-पेपर परीक्षाएं लेने के लिए अनोखा ऑनलाइन तरीका ईजाद किया था। इसके लिए फैकल्टी सदस्यों को प्रशिक्षित भी किया तथा इस प्रक्रिया के माध्यम से सफलतापूर्वक परीक्षा का आयोजन किया।

आईआईटी भुवनेश्वर के निदेशक प्रो. राजा कुमार ने बताया, "महामारी के कारण पूरे 2020-21 सत्र के लिए थ्योरी कक्षाएं ऑनलाइन ही हुईं।

अधिकारी ने कहा कि प्रायोगिक कक्षाएं प्रत्यक्ष और ऑनलाइन दोनों तरह से आयोजित की गईं। ऑनलाइन प्रायोगिक कक्षाओं में छात्रों को लाइव वीडियो स्ट्रीमिंग के साथ शिक्षा प्रदान की गयी।

उन्होंने कहा कि प्रथम वर्ष के छात्रों को छोड़कर बाकी विद्यार्थियों ने फरवरी-अप्रैल 2021 के दौरान परिसर में आकर ही प्रयोगशालाओं में कक्षाओं में भाग लिया।

निदेशक ने कहा कि महामारी की दूसरी लहर के प्रकोप के बीच नये छात्रों के लिए प्रत्यक्ष प्रयोगशाला कक्षाएं निलंबित कर दी गयीं और इन्हें जल्द ही पूरा किया जाएगा।

इस आर्टिकल को शेयर करें

https://www.livehindustan.com/career/story-iit-bhubaneswar-completes-btech-second-and-third-year-semester-examination-for-2020-21-during-pandemic-4045266.html